# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अवमानना प्रार्थना पत्र संख्या –20/2016
अन्तर्गत
अपील संख्या–1209/2016

राम लाल मीणा

–प्रार्थी–अपीलार्थी

बनाम

1. श्री ललित कुमार गुप्ता, जिला कलेक्टर, चूरू।
2. श्री रामधन मीणा, तहसीलदार, तहसील तारानगर, चूरू।

–अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 26.04.2024

उपस्थित :–

प्रार्थी–अपीलार्थी की ओर से : श्री प्रकाश शर्मा, अभिभाषक
अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण की ओर से : श्री हेमन्त धारीवाल, राजकीय अधिवक्ता

**समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)**
**शुचि शर्मा, सदस्य**

## आदेश

1. प्रार्थी–अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने यह अभिकथन किया है कि अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण ने अधिकरण के अपील संख्या 1209/2013 में दिनांक 04.05.2015 को पारित आदेश की पालना पूर्ण रूप से आदिनांक तक नहीं की है। अपीलार्थी को रिवाईज्ड पे–स्केल के अनुसार लाभ प्रदान किया जा चुका है, परन्तु उक्त आदेश में जो बकाया राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से ब्याज दिलाया गया है, वह ब्याज राशि प्रत्यर्थी विभाग ने अभी तक अपीलार्थी को अदा नहीं की है। आदेश पारित हुए करीब 9 वर्ष का समय हो चुका है, परन्तु आदेश की पालना नहीं की गयी है। अधिकरण के पूर्वोक्त आदेश दिनांक 04.05.2015 का प्रभावी भाग (Operating Part) निम्न प्रकार है:–

> "दोनों पक्षों को सुना गया तथा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजात् का अवलोकन किया गया। हमारे मत में प्रत्यर्थी विभाग द्वारा अनावश्यक रूप से राज्य सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करने का प्रयास किया गया जो पूर्णतः अनुचित है। अपीलार्थी को कनिष्ठ लिपिक के पद पर 18 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर लाभ देय है। प्रत्यर्थी संख्या–2 द्वारा यह लिख देना मात्र, कि राज्य सरकार से मार्गदर्शन चाहा गया है, जिसका कोई आधार नहीं है। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी को कनिष्ठ लिपिक के पद पर 18 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर यह लाभ तुरन्त प्रदान किया जाए, जिसका वह हकदार है। यह खेद का विषय है कि अपीलार्थी के 7 वर्ष के वार्षिक कार्य मुल्यांकन प्रतिवदनों का इतनी लम्बी अवधि तक अवलोकन नहीं किया गया। चूंकि विभाग द्वारा आज दिनांक तक अपीलार्थी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की चार्जशीट या सीसी.ए. नियम के अन्तर्गत कोई कार्यवाही लम्बित नहीं बताई गई है। अतः यह

